विज्ञान प्रयोगशाला

शिक्षक निर्देशिका-II : कम्प्यूटर पर स्टैलेरियम का इस्तेमाल करना

स्टैलेरियम एप एक मुफ़्त सॉफ़्टवेयर है। इसे किसी कम्प्यूटर या मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता है। इसे आप ऑनलाइन अपने वेब ब्राउज़र पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इस शिक्षक मार्गदर्शिका में, कम्प्यूटर पर सॉफ़्टवेयर को इंस्टॉल करने सम्बन्धी निर्देश और इसकी कार्यपद्धति दी गई है। इसे आप अपने विद्यार्थियों के साथ साझा कर सकते हैं।

चरण-1 : स्टैलेरियम इंस्टॉल करें

अपने वेब ब्राउज़र पर https://stellarium.org पर जाएँ। स्टैलेरियम डाउनलोड करने के लिए वेबपेज पर सबसे ऊपर दी उस लिंक (आइकन) पर क्लिक करें जो आपके कम्प्यूटर के ऑपरेटिंग सिस्टम अनुसार हो। इसे इंस्टॉल करने के लिए स्क्रीन पर नज़र आ रहे चरणों का पालन करें। इसके आइकन पर क्लिक करके सॉफ़्टवेयर को खोलें।

एप्लीकेशन को डाउनलोड करने और चलाने के लिए अपना ऑपरेटिंग सिस्टम यहाँ से चुनें।

चरण-2 : खुली स्क्रीन पर नज़र आ रहे आइकनों से वाक़िफ़ हों। बाईं ओर व नीचे के पैनल पर बने आइकनों को देखने के लिए कर्सर का इस्तेमाल करें।

बाएँ पैनल को देखने के लिए कर्सर को स्क्रीन के बाईं ओर लाएँ।

दिशा

चुनी गई लोकेशन, तारीख़ और समय यहाँ दर्शाए गए हैं

यहाँ से समय को पॉज़/अनपॉज़ करें

सॉफ़्टवेयर को बन्द करने के लिए यहाँ क्लिक करें

नीचे के पैनल को देखने के लिए कर्सर को स्क्रीन के निचले हिस्से की तरफ़ लाएँ।

चरण-3 : आप बाएँ पैनल पर स्थित **'लोकेशन विंडो'** का इस्तेमाल करके लोकेशन सेट कर सकते हैं। पहले तरीक़े या दूसरे तरीक़े का इस्तेमाल करके अपनी लोकेशन चुनें।



बाएँ पैनल के आइकन

पहला तरीक़ा : चरण-1
अपनी पसन्दीदा लोकेशन टाइप करें।

पहला तरीक़ा : चरण-2
स्क्रीन पर नज़र आ रही सूची में से लोकेशन चुनें।

दूसरा तरीक़ा :
मानचित्र पर क्लिक करके अपनी लोकेशन चुनें।



चरण-4 : आप बाएँ पैनल पर **'तारीख़/समय की विंडो'** का इस्तेमाल करके तारीख़ और समय सेट कर सकते हैं।

बाएँ पैनल पर बने आइकन

तीरों का इस्तेमाल करें या फिर संख्या टाइप करें।

चरण-5 : अब आप किसी आकाशीय पिण्ड के बारे में और ज़्यादा जानकारी (जैसे कि पृथ्वी पर किसी अवलोकनकर्ता से इसका उन्नतांश) हासिल करने के लिए स्टैलेरियम का इस्तेमाल करके देख सकते हैं।

सूर्य जैसा कि यह मुख्य स्क्रीन पर दिख रहा है



चरण 1 : किसी पिण्ड की पूरी जानकारी के लिए आकाश में उस पर क्लिक करें।

चरण 2 : उन्नतांश (Alt) का मान डिग्री में नोट करें।

स्टैलेरियम का वेब संस्करण :

यह किसी कम्प्यूटर पर **खुलने वाली वेब संस्करण** की स्क्रीन है।

स्थान चुनने के लिए क्लिक करें

तारीख़ और समय सेट करने के लिए और समय को पॉज़/अनपॉज़ करने के लिए यहाँ क्लिक करें

अगर आप अपने कम्प्यूटर पर स्टैलेरियम को इंस्टॉल नहीं कर पा रहे हैं, लेकिन आपके पास बढ़िया इंटरनेट कनेक्शन है तो स्टैलेरियम को सीधे https://stellarium-web.org/ वेबसाइट पर इस्तेमाल कर सकते हैं। वेबवर्ज़न में स्क्रीन थोड़ी अलग और थोड़ी आसान नज़र आती है :

- लोकेशन, तारीख़ और समय सेट करने के लिए स्क्रीन आइकन पर साफ़ नज़र आ रहे हैं और उन्हें पहचानना आसान है।
- समय को पॉज़ करने का आइकन तारीख़ और समय वाली विंडो में है।
- किसी भी आकाशीय पिण्ड के उन्नतांश का पता लगाना आसान है। स्क्रीन के बाईं ओर जानकारी के पॉप अप को देखने के लिए पिण्ड पर क्लिक करें।

इस वेबसाइट को आप अपने मोबाइल फ़ोन पर भी देख सकते हैं, लेकिन कम्प्यूटर की बड़ी स्क्रीन पर इसे देखने का अनुभव ज़्यादा बेहतर होता है।

i wonder...
Rediscovering school science

रचनाकार :

विजेता रघुराम साइंस कम्युनिकेटर हैं। उन्होंने सेंटर फ़ॉर सेल्यूलर एण्ड मोलेक्यूलर बायोलॉजी (CCMB), हैदराबाद से पीएचडी हासिल की है। उनसे vijeta.raghuram@apu.edu.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

विद्या कमलेश अज़ीम प्रेमजी फ़ाउण्डेशन, बेंगलूरु में कार्यरत हैं।

अनुवाद : शहनाज़ **पुनरीक्षण :** प्रतिका गुप्ता